नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 23/2021
Dt- 07-01-2021

सचिव,

ग्रामीण कार्य विभाग,

बिहार, पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के नरूआर से हैंठी जाने वाली सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर में ग्रामीण कार्य प्रमंडल झंझारपुर के अधीन मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (एम.एम.जी.एस.वाई.) के अंतर्गत निम्नलिखित दो सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता–3, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना ने अपने ज्ञापांक 5544, दिनांक 23.09.2020 द्वारा नोडल पदाधिकारी (एम.एम.जी.एस.वाई) ग्रामीण कार्य, बिहार के पास भेजा था। (मुख्य अभियंता–3 ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के द्वारा निर्गत पत्र की छायाप्रति संलग्न हैं।)

ज्ञात हो कि मुख्य अभियंता–3 के द्वारा भेजा गया दो पथों की स्वीकृति में से क्रम संख्या 1 पर अंकित गढ़ टोल के पास से कौआही तक लम्बाई 1.281 कि0मी0, (अनुमोदन की राशि 125.25 लाख रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी हैं एवं नरूआर से हैंठी तक जाने वाली पथ लम्बाई 0.987 कि0मी0, (अनुमोदन की राशि 94.70 लाख रुपये) की अभी तक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिल सकी हैं।

अतएव अनुरोध है कि जनहित में नरूआर से हैंठी जाने वाली सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 7.1.2021

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com